दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO Ñ- CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, बुधवार 17 जुलाई 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-285

# मुंबईः डोंगरी में 4 मंजिला इमारत गिरी, 12 की मौत, 40 से ज्यादा दबे



**मुंबई।** मूसलाधार बारिश से जूझने के बाद देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के डोंगरी में मंगलवार को एक चार मंजिला इमारत ढह गई। इस हादसे में अब तक 12 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि इमारत के मलबे में 40-50 लोगों के दबे होने की आशंका है। 7 घायलों को मलबे से बाहर निकाला गया है। घायलों को जेजे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि शुरुआती जानकारी के मुताबिक 15 परिवार अभी भी मलबे में दबे हैं और उन्हें निकालने की कोशिश जारी है। यह बिल्डिंग 100 साल पुरानी है। हमारा पूरा फोकस मलबे में दबे लोगों को बाहर निकालने पर है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुंबई हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। क्क्र्र के ट्वीट के मुताबिक पीएम मोदी ने कहा, %मुंबई के डोंगरी में इमारत ढहने की घटना पीड़ादायक है। मेरी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं, जिन्होंने अपनों को खो दिया है। मैं घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। महाराष्ट्र सरकार, ह्रष्टक्रञ्ज और स्थानीय प्रशासन राहत एवं बचाव अभियानों में जुटे हुए हैं।% महाराष्?ट्र के आवास मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल ने बताया कि डोंगरी में इमारत गिरने से 12 लोगों की मौत हो गई है।

मुंबई के डोंगरी में एक 100 साल पुरानी इमारत ढह गई। संकरी गलियों के बीच बनी यह इमारत पहले से ही जर्जर हालत में थी लेकिन इसमें दुकानें भी चल रही थीं और कई परिवार भी रह रहे थे। भयानक दुर्घटना के बाद इलाके हड़कंप मचा हुआ है और सरकारी एजेंसियों से लेकर लोग राहत और बचावकार्य में जुट गए हैं...

**संकरी गली में बनी थी इमारत–** डोंगरी इलाके में केसरबाई नाम की यह चार मंजिला इमारत लगभग सौ साल पुरानी थी। मंगलवार की दोपहर को अचानक इमारत गिर पड़ी और इसमें रह रहे तमाम लोग नीचे दब गए। इमारत संकरी गली में होने के चलते बचावकार्य में परेशानी आ रही है। गली में फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी नहीं जा पा रही है। ये टीमें पैदल ही घटनास्थल पर पहुंचकर राहत कार्य में जुट गई हैं।

**पहले से था हादसे का अंदेशा–** इमारत के नीचे दुकानें बनी थीं और ऊपरी मंजिलों में परिवार रह रहे थे। लोगों ने बताया कि इमारत का आधा हिस्सा जर्जर था, जिसके गिरने की आशंका पहले से ही थी लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

**एक और इमारत पर खतरा–** अधिकारियों ने बताया कि जो इमारत गिरी है उससे सटी हुई एक और इमारत भी बेहद जर्जर स्थिति में है। केसरबाई इमारत गिरने से इस बिल्डिंग का सपॉर्ट हट गया है। ऐसे में इसके गिरने की आशंका भी तेज हो गई है। लोगों को इस बिल्डिंग से दूर हटाया जा रहा है।

**शेल्टर होम में रखे गए लोग–** हादसे से प्रभावित लोगों के लिए बीएमसी ने इमामबाड़ा म्युनिसिपल सेकंडरी गर्ल्स स्कूल में शेल्टर होम बनाया है। लोगों को वहीं सुरक्षित रखा गया है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि डोंगरी इलाके में केसरबाई नाम की यह चार मंजिला इमारत लगभग 100 साल पुरानी थी। मंगलवार को करीब 11.30 बजे अचानक इमारत गिर पड़ी। बताया जा रहा है कि इमारत गिरने से इसमें रह रहे तमाम लोग नीचे दब गए। रेस्क्यू के दौरान एक बच्चे को भी मलबे से बाहर निकाला गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

मौके पर एनडीआरएफ, फायर ब्रिगेड और ऐंबुलेंस मौजूद हैं। इमारत संकरी गली में होने के चलते राहत कार्य में परेशानी आ रही है। मौके पर एनडीआरएफ की टीम बुलाई है। गली में फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी नहीं जा पा रही है। ये टीमें पैदल ही घटनास्थल पर पहुंचकर राहत कार्य में जुट गई हैं। डोंगरी हादसे पर सीएम देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि जो बिल्डिंग गिरी है, उसमें करीब 15 परिवारों के फंसे होने की आशंका है। म्हाडा के नियमानुसार लोगों ने रीडिवेलपमेंट के लिए एक डिवेलपर को अपॉइंट किया था। उसने डिवेलपमेंट क्यों नहीं किया? इसकी जांच कराई जाएगी। फिलहाल अभी पीड़ित परिवारों को सुरक्षित रेस्क्यू कराने पर हमारा जोर है। जो मुआवजा सरकार देती है, वह पीड़ित परिवारों को दिया जाएगा।

**देखें मृतकों और घायलों के नाम** – साबिया निसार शेख (25), अब्दुल सत्तार कालू शेख (55), मुजामिल मंसूर सलमानी (15) और सायरा रेहान शेख (25) की हबीब हॉस्पिटल में मौत हो गई।

वहीं, फिरोज नाजिर सलमानी (45), आइसा शेख (03), सलमा अब्दुल सत्तार शेख (55), अब्दुल रहमान (3), नावेद सलमानी (35), इमरान हुसैन कलवानिया (30), जाविद (30) और जीनत (25) का इलाज जेजे हॉस्पिटल में चल रहा है। एक अज्ञात घायल को हबीब हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### गुरु पूर्णिमा के अवसर पीएम मोदी ने दी देशवासियों को बधाई

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरू पूर्णिमा के अवसर पर देशवासियों को बधाई दी है। मोदी ने ट्वीट संदेश में कहा 'सभी देशवासियों को गुरु पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं। गुरू पूर्णिमा के पावन अवसर पर हम अपने उन सभी गुरूओं का श्रद्धाभाव से नमन करते हैं, जिन्होंने हमारे समाज का निर्माण करने और उसे प्रेरणा देने में अहम भूमिका निभाई है।' ज्ञात हो कि गुरु पूर्णिमा महर्षि वेदव्यास की याद में मनाया जाता है। गौरतलब है कि गुरु पूर्णिमा पूरे देश में धूमधाम के साथ मनाया जाता है।

### राहुल की कांग्रेस कार्यकर्ताओं से बाढ़ पीड़ितों की मदद करने की अपील

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कई राज्यों में बाढ़ की स्थिति पर चिंता जताई और अपने पार्टी कार्यकर्ताओं से इन इलाकों में लोगों की मदद की अपील की। राहुल ने ट्वीट किया, असम, बिहार, उत्तर प्रदेश, त्रिपुरा और मिजोरम में बाढ़ की स्थिति नियंत्रण से बाहर हो चुकी है। लोगों का जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। मैं इन राज्यों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से तत्काल राहत और बचाव अभियानों में शामिल होने की अपील करता हूं।

### सिुरक्षाबलों ने मार गिराया पाकिस्तानी घुसपैठिया

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर में सांबा जिले के रामगढ़ सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगे भारतीय क्षेत्र में सोमवार को एक पाकिस्तानी घुसपैठिया सुरक्षा बलों की कार्रवाई में ढेर हो गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बीएसएफ ने रामगढ़ सेक्टर में बॉर्डर आउट पोस्ट (बीओपी) एस एम पुर के समीप तड़के करीब तीन बजे एक 60 वर्षीय पाकिस्तानी घुसपैठिये को मार गिराया। मृतक का शव अभी सांबा के बीओपी एस एम पुर में रखा गया है। उसके पास से कुछ पाकिस्तानी करेंसी भी बरामद किया गया ।

### पीएम मोदी से मिले पंजाब के सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** पंजाब के सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह ने आज संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की. हालांकि सियासी अटकलों को विराम देते हुए कैप्टन ने प्रधानमंत्री से इस मुलाकात को सद्भावना भेंट करार दिया है. इसके साथ मुख्यमंत्री ने नवजोत सिंह सिद्धू के मंत्री पद से इस्तीफे पर भी पहली बार प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा, मुझे उनसे कोई समस्या नहीं थी. मंत्रिमंडल विस्तार में मैंने उनको बेहद अहम मंत्रालय दिया था. कैबिनेट से इस्तीफे का फैसला उनका है. मुझे बताया गया है कि उनका इस्तीफा मेरे दफ्तर पहुंच चुका है. मैं उसे देखूंगा फिर आगे के कदम पर फैसला करूंगा. इसके साथ ही उन्होंने कहा, मैंने कभी भी नवजोत सिंह सिद्धू की पत्नी नवजोत कौर सिद्धू का विरोध नहीं किया. मैं ही वह शख्स था, जिसने राहुल जी से सिफारिश की थी कि नवजोत कौर सिद्धू बठिंडा से चुनाव लड़े.

# चीनी घुसपैठ के मुद्दे पर कांग्रेस का लोकसभा से बहिर्गमन



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** विपक्षी दल कांग्रेस ने चीन द्वारा भारतीय सीमा में घुसपैठ का मामला मंगलवार को लोकसभा में उठाने की कोशिश की, लेकिन अध्यक्ष द्वारा बोलने की अनुमति नहीं देने पर उसने सदन से बहिर्गमन किया। दोपहर 12 बजे आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखे जाने के बाद कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने यह मुद्दा उठाना चाहा। अध्यक्ष ने उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी। उन्होंने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से संबद्ध अनुदान माँगों पर सोमवार को हुई चर्चा का जवाब देने के लिए विभाग के मंत्री नितिन गडकरी का नाम पुकारा।

चौधरी ने अध्यक्ष से उन्हें बोलने की अनुमति देने की दुबारा माँग की। कांग्रेस के अन्य सदस्यों ने भी खड़े होकर चौधरी को बोलने देने की मांग की। संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि कांग्रेस नेता जो मुद्दा उठाना चाहते हैं वह महत्त्वपूर्ण है, लेकिन उसे बाद में उठाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अभी गडकरी महत्वपूर्ण मुद्दे पर जवाब दे रहे हैं। अपनी बात रखने की अनुमति नहीं मिलने पर कांग्रेस सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन कर दिया। सदन से बाहर निकलने के बाद संसद भवन के गलियारे में कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने बताया कि उनकी पार्टी भारतीय सीमा में चीनी घुसपैठ का मसला उठाना चाह रही थी।

(महत्वपूर्ण)(नईदिल्ली)एसपीजी ने द्वारका परिसर में मधुमक्खी पालन के बक्से लगाए

नईदिल्ली,15 जुलाई (आरएनएस)। स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) ने अपने परिसर में बी-बॉक्स (मधुमक्खी पालने वाले बक्से) लगाए हैं। इन बक्सों को खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने उपलब्ध कराया है। इन बक्सों को एसपीजी के द्वारका स्थित मुख्यालय में लगाया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अभी हाल में जब एसपीजी मुख्यालय के दौरे पर गए थे, तब उन्होंने इसकी सलाह दी थी। शहद उत्पादन के अलावा

# केजरीवाल और सिसोदिया को मिली जमानत, 25 जुलाई को अगली सुनवाई



**» मानहानि मामला**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को मानहानि के दो मामलों में जमानत मिल गई है। दोनों को 10-10 हजार रुपये के निजी मुचलके पर जमानत दी गई है। इस मामले की अगली सुनवाई 25 जुलाई को होगी।

बता दें कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता विजेंद्र गुप्ता ने अपनी छवि धूमिल करने का आरोप लगाते हुए सीएम केजरीवाल और मनीष सिसोदिया के खिलाफ मानहानि का मामला दायर किया था। केजरीवाल और सिसोदिया ने गुप्ता पर आप प्रमुख की हत्या की साजिश रचने वालों में शामिल होने का आरोप लगाया था।

इससे पहले विजेंद्र गुप्ता ने केजरीवाल और सिसोदिया को एक सप्ताह पहले कानूनी नोटिस भेजकर उनसे माफी मांगने के लिए कहा था। दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि मैंने उनके (केजरीवाल और सिसोदिया के) खिलाफ पटियाला हाउस अदालत में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया क्योंकि उन्होंने मेरे कानूनी नोटिस का कोई जवाब नहीं दिया था।

उन्होंने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के खिलाफ पुलिस में भी शिकायत दर्ज कराई थी और आरोप लगाया कि वे अरविंद केजरीवाल की हत्या की कथित साजिश में उन्हें गलत तरीके से फंसाने की कोशिश कर रहे थे।

# भारत ब्रिटेन के साथ गहरा अनुबंध करने उत्सुक : गोयल

**» वाणिज्य और उद्योग मंत्री ने लंदन में प्रवासी भारतीयों के साथ की बातचीत**



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग तथा रेल मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत सरकार श्रेष्ठ टेक्नोलॉजी के साथ अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों को भारत आकर निवेश करने के लिए मजबूती और विश्वास प्रदान करने के लिए चौतरफा सुझावों को ध्यान में रखे हुए है। लंदन में कल रात प्रवासी भारतीयों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय समुदाय ने भारत और ब्रिटेन की अर्थव्यवस्थाओं में योगदान देकर भारत को गौरवान्वित किया है और दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत बनाया है।

प्रवासी भारतीयों के साथ एक घंटे की बातचीत के दौरान वाणिज्य मंत्री ने नवनिर्वाचित सरकार की रणनीति और उसकी प्राथमिकताओं की जानकारी दी। अपने पहले कार्यकाल के दौरान सरकार की प्राथमिकता आवास, बिजली, रसोई गैस और वित्तीय समावेशन जैसी आम आदमी की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करना था, जिसका सबसे निचले स्तर के नागरिक के जीवन पर भी प्रभाव पड़ा और अंतर देखने को मिला।

पीयूष गोयल ने भारत दिवस के कार्यक्रम को बेहद महत्वपूर्ण बताया, जिसमें वह वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन द्वारा केन्द्रीय बजट-2019-10 में वित्तीय कंपनियों के लिए घोषित प्रोत्साहनों की जानकारी दे सकेंगे। वाणिज्य मंत्री भारत दिवस के कार्यक्रमों को 15 जुलाई की शाम संबोधित करेंगे, जहां वित्तीय कंपनियों के विचारक भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि वे भारत के वित्तीय क्षेत्र खासतौर से गुजरात के गांधीनगर के नजदीक, गुजरात अंतर्राष्ट्रीय वित्त टेक-सिटी की चर्चा करेंगे।

ब्रिटेन और अमरीका के साथ व्यापार के बारे में वाणिज्य और उद्योग मंत्री ने कहा कि भारत आमने-सामने बैठकर दोनों देशों के साथ साझा बैठक स्थल का पता लगाएगा। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से प्रत्येक पक्ष के लिए समझौता करना काफी कठिन है, लेकिन व्यावसायिक कारोबार अथवा एक अच्छा समझौता करते समय किसी भी परेशानी को दूर करना असंभव नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक देश को अपने राष्ट्रीय हितों, वैधानिक प्रभुसत्ता और अपने नागरिकों की रक्षा करनी चाहिए।

# दिल्ली पुलिस ने पकड़ा दो लाख इनाम का जैश आतंकी



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी बसीर अहमद को गिरफ्तार किया है. इस आतंकी पर दिल्ली पुलिस ने दो लाख का इनाम घोषित किया था. बसीर को जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर से पकड़ा गया है. फिलहाल पुलिस की टीम इससे पूछताछ कर रही है.

जैश-ए-मोहम्मद के इस आतंकी बसीर अहमद को इससे पहले 2007 में आतंकी गतिविधियों में शामिल होने पर स्पेशल सेल की टीम गिरफ्तार कर चुकी थी. उस दौरान एनकाउंटर में इसके तीन अन्य साथियों को भी पकड़ा गया था. जिनमें से एक पाकिस्तानी आतंकी अब्दुल गफ़ूर को सज़ा भी मिली थी. हालांकि बसीर अहमद सहित अन्य 2013 में निचली अदालत से जमानत पर छूटकर फरार हो गए.

जबकि दिल्ली हाईकोर्ट ने 2014 में इन्हे आरोपी माना. इसके बाद इनके खिलाफ एनबीडब्ल्यू निकला और सभी पर 2 -2 लाख का इनाम रखा गया. तब बसीर अहमद के दो साथियों फयाज अहमद लोन और अब्दुल माजिद को स्पेशल सेल ने इसी साल मार्च में गिरफ्तार किया और अब जाकर इसकी गिरफ्तारी हुई है.

# नदी में डूब रही बच्ची को सीआरपीएफ जवानों ने बचाया



**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला में नदी डूब रही एक 14 साल की बच्ची को सीआरपीएफ के दो जवानों ने अपनी जान की बाजी लगाते हुए बचा लिया. नदी के तेज बहाव में बह रही लड़की को देख दोनों जवान नदी में कूद पड़े और साथी जवानों की मदद से लड़की को बाहर निकाल लिया. सीआरपीएफ जवानों के इस साहस का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है. जिसे देख लोग इन वीर जवानों की खूब तारीफ कर रहे हैं.

सीआरपीएफ ने इस वीडियो को ऑफीशियल ट्विटर अकाउंट पर शेयर किया है. 23 सेकंड के इस वीडियो को शेयर करते हुए सीआरपीएफ ने लिखा है- 176 बटालियन के कॉन्स्टेबल एमजी नायडू और कॉन्स्टेबल एन उपेंद्र ने नदी में डूब रही 14 साल की लड़की को बचाया. बहादुर लोग सोचते नहीं और कूद जाते हैं. इस बेजोड़ साहस और टीम भावना से कश्मीर में एक लड़की की जान बच गई.

वायरल वीडियो में दिख रहा है कि नदी के तेज धार में बह रही है. इस बीच सीआरपीएफ के कुछ जवान नदी की तरफ भाग रहे हैं. भागते-भागते दो जवान नदी में कूद जाते हैं और बाकी जवान उनकी मदद करते हैं. आखिरकार एक-दूसरे की मदद से जवान उस लड़की को सही सलामत नदी से बाहर निकाल लेते हैं.

# दाह संस्कार से पहले ही अर्थी से उठकर बैठ गया युवक

**लखनऊ (आरएनएस)।** शहर के एक निजी अस्पताल में युवक को मृत घोषित कर दिया गया। सुबह घर पर पहुंचे शव को देखकर परिजन बिलखने लगे। मोहल्ले की भीड़ जुट गई। अचानक चार घंटे बाद उसने आंखें खोलीं। इशारे से पानी मांगा और कप भर पीया। यह देखकर हड़कंप मच गया। आनन-फानन में उसे लेकर परिजन बलरामपुर अस्पताल गए, जहां फिर से मृत घोषित किया गया।

अमीनाबाद के कल्लन की लाट निवासी संजय (28) पुत्र गुरुप्रसाद की तबियत खराब थी। उसे क्लीनिक पर दिखाया। जहां डॉक्टरों ने पीलिया बताया। चार-पांच दिन इलाज किया। मगर फायदा नहीं हुआ। ऐसे में उसे शनिवार को उसे नक्खास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मौसेरी बहन रजनी के मुताबिक शनिवार सुबह 10 बजे भर्ती संजय को रविवार सुबह छह बजे मृत घोषित कर दिया गया। परिजन शव लेकर घर आ गए। यहां रिश्तेदारों का इंतजार किया जा रहा था। मोहल्लेवालों की भीड़ लग जुटी थी। साथ ही दाहसंस्कार की तैयारी हो गई थीं। अर्थी तैयार हो गई थी।

सुबह 10 बजे के करीब अचानक उसके शरीर में हरकत हुई। थोड़ी देर में आंख खोली। यह देखकर मौजूद भीड़ घबरा गई। संजय ने थोड़ी ही देर में पानी के लिए इशारा किया। घर से एक कप पानी लाकर पिलाया गया। संजय के जीवित होने पर घर के लोग लेकर उसे बलरामपुर अस्पताल भागे। यहां इमरजेंसी में 11.10 पर लोग पहुंचे। डॉक्टरों ने यहां संजय को मृत घोषित कर दिया।



## शरीर से आ रहा था पसीना

परिजनों के मुताबिक निजी अस्पताल में मृत घोषित होने के बाद संजय का शरीर सफेद कपड़े से ढक दिया गया। इस दौरान उनके शरीर से पसीना लगातार आ रहा था। वहीं जब आंख खोली तो सभी देखकर हैरान रह गए। दाहसंस्कार के लिए जाने के बजाए सीधे बलरामपुर अस्पताल ले गए।

## एक जुलाई को भी जिंदा को घोषित किया था मृत

एक जुलाई को इंदिरा नगर निवासी फुरकान 24 को निराला नगर में मृत घोषित कर दिया गया। उसको परिजन कब्र में दफनाने जा रहे थे। इसी दरम्यान लोगों को उसकी सांसें चलने का आभास हुआ। परिजन उसे लोहिया अस्पताल लेकर गए। यहां न्यूरो का डॉक्टर न होने पर लोहिया संस्थान लेकर गए। इसके बाद उन्होंने निजी अस्पताल में भर्ती कराया।